Form No.III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी, मुकाम श्रीडूंगरगढ

जीवणराम पुत्र हरलालसिंह जाति राईका निवासी ग्राम बाडेला तहसील श्रीडूंगरगढ़ जिला बीकानेर बनाम हनुमान वगैरह

राजस्व वाद मुकदमा नम्बर 129/2025 U/S 183,188 RTA & 128 LRA

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तारीख में जारी हुए
14.07.2025	आज यह वाद जीवणराम ने जरिये श्री ललित कुमार मारू अधिवक्ता मार्फत पेश किया। वादी को 80(2) सीपीसी प्रार्थना पत्र पर सुना गया। वाद दर्ज रजिस्टर हों। प्रतिवादीगण को जरिये रजिस्टर्ड एडी सम्मन तलब कर पत्रावली आयन्दा दिनांक 19.08.2025 को पेश हों। उपखण्ड अधिकारी श्रीडूंगरगढ	
19.8.2025	पत्रावली पेश हुई व फरीकैन वादी उपस्थित। वादी द्वारा जरिये अधिवक्ता प्रार्थना पत्र धारा 80(2) सीपीसी पेश किया गया। जो शामिल पत्रावली किया गया। वादी/प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन किया गया कि प्रार्थी/वादी व अप्रार्थी/प्रतिवादी के मध्य लोक अदालत की प्रेरणा से मौजिज व्यक्तियों की समझाईश से राजीनामा हो गया है। अब वादी/प्रार्थी प्रतिवादीगण के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं चाहता है तथा अपना दावा बगैर शर्त पर विड्रो करना चाहता है। वादी अपने विधिक अधिकार सुरक्षित रखते है। लिहाजा प्रार्थी/वादी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर वादी वाद जरिये विड्रावल में बगैर शर्त पर खारिज किया जाता है। पत्रावली वादतलब मौल मूर्ति वाजिब नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो। निर्णय सरे इजलास सुनाया गया। Signature Not Verified Digitally signed by Shubham Sharma Date: 2025.08.25 10:59:13 IST Reason: SelfAttested शुभम शर्मा उपखण्ड अधिकारी श्रीडूंगरगढ (बीकानेर)	